आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 मंगलवार 15.10.2024

मुख्य समाचारः–

1– चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव के साथ ही रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर उपचुनाव की तारीख का ऐलान किया–रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट के लिए तेरह नवंबर को होगा मतदान।

2– प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के लिए कल मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा।

3– मुख्यमंत्री आज जगदलपुर में आयोजित मुरिया दरबार में हुए शामिल–माड़िया साराय में विकास कार्य के लिए पचास लाख रूपये देने की घोषणा की।

4– रायपुर में कल से शुरू होगा अखिल भारतीय वन खेलकूद महोत्सव–केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव करेंगे शुभारंभ।

रायपुर दक्षिण–उपचुनाव

चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव के साथ ही रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट में उपचुनाव की तारीख का ऐलान कर दिया है। रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर तेरह नवंबर को मतदान होगा और तेईस नवंबर को नतीजे घोषित किए जाएंगे। इस सीट के लिए नामांकन की प्रक्रिया अट्‌ठारह अक्टूबर से शुरू होगी। नामांकन की अंतिम तिथि पच्चीस अक्टूबर तय की गई है। वहीं, अट्‌ठाईस अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। नामांकन वापसी की अंतिम तिथि तीस अक्टूबर है।

गौरतलब है कि बीते विधानसभा चुनाव में रायपुर दक्षिण सीट पर भारतीय जनता पार्टी के बृजमोहन अग्रवाल ने जीत हासिल की थी। इसके बाद लोकसभा चुनाव में श्री अग्रवाल की जीत के बाद रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट रिक्त हो गई थी, जहां अब उपचुनाव होंगे।

मतदाता सूची–प्रकाशन

प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के लिए कल सोलह अक्टूबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदाता सूची शुद्ध और निर्धारित समय–सीमा में पूरा करने तथा अट्‌ठारह वर्ष की आयु पूरी करने वाले लोगों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार सभी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएं। गौरतलब है कि राज्य के एक सौ सड़सठ नगरीय निकायों में निर्वाचन होना है।

मुख्यमंत्री–बस्तर

विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के तहत आज मुरिया दरबार की रस्म अदा की गई। जगदलपुर के सीरासार भवन में आयोजित मुरिया दरबार में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। इस अवसर पर श्री साय ने कहा कि पचहत्तर दिनों तक चलने वाला बस्तर दशहरा ऐतिहासिक है। इसमें छत्तीसगढ़ के साथ देश और विदेश से भी लोग शामिल होने के आते हैं।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने माडिया साराय में विकास कार्यों के लिए पचास लाख रुपए देने की घोषणा की। वहीं, मांझी, चालकी और मेम्बर–मेंबरीन के मानदेय में बढ़ोतरी के लिए प्रशासन और बस्तर दशहरा समिति को प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।

अपने प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने बस्तर जिले में करीब तीन करोड़ रूपये की लागत से बस्तर दसराहा पसरा के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। यहां दंतेश्वरी मंदिर के पास स्थित पुराने तहसील कार्यालय का जीर्णोद्धार कर बस्तर दशहरा के लिए समर्पित किया गया है। इसका

नाम बस्तर दसराहा पसरा दिया गया है। मुख्यमंत्री ने पसरा में बस्तर दशहरा की विभिन्न रस्मों की फोटो प्रदर्शनी, प्रतीकात्मक रथ और देवी देवताओं के प्रतीकों अवलोकन कर उनकी सराहना की।

<u>मुख्यमंत्री–लैलूंगा/सूरजपुर</u>

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल रायगढ़ जिले के लैलूंगा में उरांव समाज द्वारा आयोजित करमा महोत्सव में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने लैलूंगा में सामाजिक भवन, स्टेडियम का जीर्णोद्धार और बास्केटबॉल कोर्ट के निर्माण के लिए एक करोड़ रूपये से अधिक की राशि देने की घोषणा की। महोत्सव को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि खम्हार पाकुट बांध से लैलूंगा में जलापूर्ति के बंद प्रोजेक्ट का काम फिर से शुरू किया जाएगा।

इसके अलावा मुख्यमंत्री सूरजपुर जिले के ग्राम सिलौटा–प्रतापपुर में आयोजित आदिवासी करमा महातिहार कार्यक्रम में भी शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 'हमर सुघर गांव' और 'समाधान सूरजपुर ऐप' का शुभारंभ किया।

<u>विमान–लैंडिंग</u>

जगदलपुर के मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर आज दोपहर इंडिगो विमान की आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। इस विमान ने दोपहर एक बजे जगदलपुर से रायपुर के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन उड़ान के महज बारह मिनट बाद ही खिड़की टूटने के कारण विमान की आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। बताया जाता है कि इस विमान में करीब सत्तर यात्री सवार थे और सभी सुरक्षित हैं।

<u>वन खेलकूद महोत्सव</u>

राजधानी रायपुर में सोलह से बीस अक्टूबर तक सत्ताईसवां अखिल भारतीय वन खेलकूद महोत्सव आयोजित किया जाएगा। प्रधान मुख्य वन संरक्षक और वन बल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव ने आज रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में बताया कि केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वन मंत्री केदार कश्यप की उपस्थिति में कल शाम कोटा स्थित स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में उद्‌घाटन समारोह होगा।

उद्‌घाटन समारोह में भारतीय टी–ट्वेंटी टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव भी शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता के तहत रायपुर के सोलह स्थानों पर तीन सौ विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता का समापन बीस अक्टूबर को कोटा स्थित स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में होगा। राज्यपाल रमेन डेका समापन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज रायपुर स्थित उनके निवास कार्यालय में वन मंत्री केदार कश्यप और वन विभाग के अधिकारियों ने मुलाकात कर उन्हें वन खेलकूद महोत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

<u>हत्या–आरोपी गिरफ्तार</u>

सूरजपुर में प्रधान आरक्षक की पत्नी और बेटी की हत्या के आरोपी को पुलिस ने बलरामपुर जिले के सीमावर्ती गांव गोदमाना से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी कुलदीप साहू को कड़ी सुरक्षा के बीच आज शाम सूरजपुर लाया गया। फिलहाल आरोपी को कोतवाली थाने में रखा गया है। आरोपी की गिरफ्तारी बलरामपुर के पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में की गई, जिसमें बलरामपुर पुलिस की टीम ने अहम भूमिका निभाई।

इस बीच, वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव ने आज रायपुर स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में एक पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश में

कानून व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाते हुए राज्य सरकार की कड़ी आलोचना की। श्री सिंहदेव ने सूरजपुर जिले की घटना को लेकर सरकार पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया।

ट्रेन सुविधा

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे द्वारा गया और लोकमान्य तिलक टर्मिनस–एलटीटी के बीच एक सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन की सुविधा प्रदान की जा रही है। यह ट्रेन गया से तेईस अक्टूबर से प्रत्येक बुधवार को और एलटीटी से पच्चीस अक्टूबर से प्रत्येक शुक्रवार को चलेगी। इस ट्रेन में कुल बाईस कोच होंगे। इस ट्रेन का स्टॉपेज रायगढ़, बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग रेलवे स्टेशनों पर भी दिया जाएगा।

छठ पर्व

छत्तीसगढ़ सहित देशभर में छठ महापर्व पांच से आठ नवंबर तक मनाया जाएगा। इसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं। छठ महापर्व आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने आज रायपुर में एक पत्रकारवार्ता में बताया कि चार दिवसीय छठ महापर्व पांच नवंबर को नहाय–खाय की रस्म के साथ शुरू होगा। छह नवंबर को खरना की रस्म होगी। वहीं, सात नवंबर को संध्या अर्घ्य और आठ नवंबर को उषा अर्घ्य होगी।

छठ पूजा रायपुर, बिलासपुर, भिलाई–दुर्ग, कोरबा, बस्तर और अन्य शहरों में धूमधाम से मनाया जाता है। रायपुर में छठ पूजा खारून नदी के महादेवघाट सहित पचास से अधिक स्थानों पर मनाया जाता है।

संक्षिप्त समाचार

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कल सोलह अक्टूबर को मंत्रालय में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक होगी।

– पूर्व राष्ट्रपति और महान वैज्ञानिक भारतरत्न डॉक्टर ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉक्टर कलाम ने देश के अंतरिक्ष अनुसंधान और रक्षा अनुसंधान कार्यक्रम को नई ऊंचाइयां दी हैं।

– छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड की बैठक में डॉक्टर सलीम राज को राज्य वक्फ बोर्ड का अध्यक्ष चुना गया है।

– राज्य शासन ने सिम्स बिलासपुर में पीजी के दो नये कोर्स–एमडी रेडियो डायग्नोस्टिक्स और एमडी रेस्पिरेटरी मेडिसीन को मंजूरी दे दी है।

– सरगुजा जिले के उलकिया गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई। जबकि, तीन अन्य ग्रामीण झुलस गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए जशपुर जिले के पत्थलगांव अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>